एस्ट्राज़ेनेका या मिश्रित श्रृंखला के टीकों को पहचान न देने वाले स्थानों की यात्रा करने वाले एलबर्टावासियों को अब अतिरिक्त खुराकें मिल सकती हैं।

एल्बर्टा में प्रयोग किए जाने वाले किसी भी टीके की दो वैध खुराकों को एक पूरी श्रृंखला माना जाता है और यह COVID-19 से बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करती है। कनाडा के बाहर कुछ न्यायाधिकार क्षेत्रों ने इंगित किया है कि वे एस्ट्राज़ेनेका या मिश्रित खुराकों से टीकाकृत आगंतुकों को स्वीकार नहीं करेंगे।

यदि आपको यात्रा करने के लिए अतिरिक्त खुराकों की आवश्यकता है, तो आप इनके लिए वेबसाइट alberta.ca/vaccine पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते/सकती हैं, 811 पर कॉल कर सकते/सकती हैं या फिर टीकाकरण प्रस्तुत करने वाली फार्मेसियों और डॉक्टरों के कार्यालयों में टीकाकरण करा सकते/सकती हैं। बुकिंग करने के लिए अपनी दूसरी खुराक के बाद कम से कम 4 सप्ताहों तक प्रतीक्षा करें।

Classification: Public